मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/12/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --319/2024
22 दिसंबर 2024
आर्चबिशप हॉउस, रांची
==========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
==========================

★ मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना की।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज डॉ० कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने भी मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को "क्रिसमस" पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पूरे झारखंड वासियों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन डॉ. कामिल बुल्के पथ स्थित लोयला मैदान, रांची में आयोजित "क्रिसमस उत्सव -2024" में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि "क्रिसमस पर्व" के माध्यम से एक शुभ संदेश समाज तक पहुंचती है। हमारे जीवन में मान-सम्मान, आदर, सद्भाव एवं एकजुटता महत्वपूर्ण अंग है। हमसभी के

बीच प्रेम, आपसी सौहार्द और भाईचारा कभी कम न हो। हम सभी मिलकर इस मानव जीवन में सुख, समृद्धि एवं एकता के साथ जीवन व्यतीत करें, यही प्रभु यीशु से आज के इस पावन अवसर पर कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार हम सभी लोग धूमधाम से क्रिसमस पर्व को मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ओर से पूरे राज्य वासियों को क्रिसमस पर्व की ढ़ेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, बिशप विंसेंट आइंद,बिशप बी. बी बास्के, फादर आनन्द डेविड खलखो, फादर अजित खेस, XISS के निदेशक डॉ. जोसेफ मरियानुस कुजूर, फादर आनन्द डेविड खलखो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर मुकुल कुल्लू, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक, फादर सेबासटीएन तिर्की, फादर वाल्टर किसपोट्टा, फादर अंजुलुस एक्का, फादर विनय करकेट्टा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

==========================

#Team PRD (CMO)